आंबेडकर विश्वविद्यालय में स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में दाखिले शुरू

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 5 मई।

आंबेडकर विश्वविद्यालय, दिल्ली (एयूडी) ने स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में दाखिले की प्रक्रिया शुरू कर दी है। सभी पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए 24 जून तक आवेदन किए जा सकेंगे। आवेदन करने की प्रक्रिया पूरी तरह से ऑनलाइन रहेगी। 21 से 24 जून के बीच परिसर में आवेदन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। बीए और बीवोक में दाखिले के लिए आवेदन शुल्क 390 रुपए निर्धारित किया गया है जबकि एससी, एसटी और दिव्यांग उम्मीदवारों को 150 रुपए का भुगतान ऑनलाइन, नकद या मांग पत्र के माध्यम से करना होगा। इसी तरह स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए पंजीकरण शुल्क 510 रुपए है जबकि एससी, एसटी और दिव्यांग उम्मीदवारों को 200 रुपए का भुगतान करना होगा।

विश्वविद्यालय की ओर से जारी की गई सूचना में कहा गया है कि विश्वविद्यालय में 18 स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम संचालित होते हैं, जिनमें से 13 पाठ्यक्रम कश्मीरी परिसर में, 3 पाठ्यक्रम कर्मपुरा कैंपस और 2 पाठ्यक्रम लोधी रोड परिसर में संचालित होते हैं। इन पाठ्यक्रमों में कुल 618 सीटें निर्धारित हैं। स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश परीक्षा के आधार पर दाखिले होंगे। प्रवेश परीक्षाएं 1 से 10 जुलाई के बीच आयोजित की जाएंगी।

कश्मीरी गेट परिसर में सात बीए ऑनर्स पाठ्यक्रम, कर्मपुरा परिसर में चार बीए व तीन वोकेशनल स्नातक कार्यक्रम संचालित हो रहे हैं। इन पाठ्यक्रमों के लिए कुल 541 सीटें निर्धारित हैं। बीए ऑनर्स पाठ्यक्रमों में कटऑफ के आधार पर दाखिले होंगे। पहली कटऑफ सूची 9 जुलाई को जारी की जाएगी। विश्वविद्यालय की ओर से छह कटऑफ जारी की जाएंगी। छठी कटऑफ 26 जुलाई को जारी होगी। बीवोक पाठ्यक्रमों में प्रवेश परीक्षा और कक्षा 12 के अंकों के आधार पर मेरिट सूची बनाई जाएगी। इसी सूची के आधार पर दाखिले होंगे।

जनसत्ता Mon, 06 May 2019
epaper.jansatta.com/c/39144032